हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

13 समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक...



14 विद्या नगर में बिजली निगम ने गाडे खंबे, पेयजल ...




## खबर संक्षेप

### पेंशन बनवाने के लिए आज लगेगा विशेष कैंप

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वार्ड 13 स्थित संमलायन धर्मशाला में पेंशन विभाग द्वारा कैंप लगाया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर कर्मचारी व अधिकारी शिरकत करेंगे। कैंप में लाडो लक्ष्मी योजना, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था सम्मान पेंशन, विधवा पेंशन, बोना पेंशन बनाई जाएगी व तमाम जानकारियां साझा की जाएगी। वार्ड पार्षद सुभाष चन्द ने बताया कि सभी इस कैंप में आकर लाभ उठा सकते हैं व सारी जानकारी ले सकते हैं।

### खेल की ट्रायल 29 जनवरी व दो फरवरी को

**भिवानी।** जिले के कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा के विभिन्न खेलों की ट्रायल 29 जनवरी व दो फरवरी को खेल विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर होगी। जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के शतरंज, कैरम, बैडमिंटन के खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों का चयन करने के लिए 29 जनवरी को पंचकुला के ताऊ देवीलाल स्पोर्ट कम्प्लेक्स में ऑल इंडिया सिविल सर्विस चेस टूर्नामेंट 2025-26 का ट्रायल लिया जाएगा। वहीं दो फरवरी को करनाल के कर्ण स्टेडियम में ऑल इंडिया सिविल सर्विस कैरम टूर्नामेंट 2025-26 का ट्रायल लिया जाएगा।

### मादक पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशों की अनुपालना करते हुए थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी दिनोद गेट के इंचार्ज चौकी उप निरीक्षक दशरथ सिंह द्वारा एक आरोपी ऋषि उर्फ बाबू को 950 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ऋषि ने बताया था कि वह उक्त मादक पदार्थ राजकुमार नामक व्यक्ति से लेकर आया था। पुलिस टीम ने 21 जनवरी 2026 को मादक पदार्थ सप्लाई करने के आरोप में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान राजकुमार पुत्र मांगेराम, निवासी रोहनात, के रूप में हुई है।

### बिना कारण एनओसी लंबित न रखें: एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बिजली बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद व जिला योजनाकार व टावर से संबंधित केसों पर विस्तार से समीक्षा की। एडीसी ने जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिना किसी ठोस कारण के कोई भी एनओसी लंबित न रखें। सभी औपचारिकताएं पूरी करने वालों को तुरंत एनओसी जारी करें। एनओसी जारी करने के बाद पोर्टल पर भी अपडेट करें।

## घंटों तक डॉग स्कवायड और बम निरोधक दस्ते ने लघु सचिवालय को खंगाला

# बम की अफवाह से अटकी सांसे, चप्पे-चप्पे को छाना



- जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर जांच एंजेसियों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सचिवालय को बम से उड़ाने की अफवाह से हर किसी की सांसे अटक गई। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान की सूचना पर डॉग स्कवायड, बम निरोधक दस्ता व पुलिस की टीमों ने सचिवालय के चप्पे चप्पे में तलाशी अभियान चलाया। भूतल से लेकर सचिवालय की छत पर रखी पानी की टंकियों तक की बारिकी से जांच की गई।

अधिवक्ताओं के चेम्बर , हॉल व अदालतों के आसपास भी सर्च अभियान चलाया गया। डॉग स्कवायड की टीम हर जगह की जांच की। जांच पड़ताल पूरी होने के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर जांच एंजेसियों ने राहत की सांस ली। हालांकि अभियान के बाद अदालत व सचिवालय में अन्य दिनों की तरह कार्य हुआ,लेकिन जांच से पहले हर किसी इस मसले की सुनने के बाद सांसे फूली हुई थी।

करीब दस बजे के आसपास बार के प्रधान संदीप तंवर के पास सूचना पहुंची। सूचना मिलते ही प्रधान ने इस बारे में पुलिस उपाधीक्षक को सूचित किया। सूचना के बाद पुलिस की सभी टीमें मौके पर पहुंच गई और सचिवालय के कोने कोने को छानने लगी। पहले पुलिस ने भूतल पर कोई भी सामान मिला। उसकी जांच की। डॉग स्कवायड की टीम भी साथ रही। उसके बाद प्रथम तल व छत पर रखी पानी की टंकियों व बिजली के मीटरों के बॉक्सों की जांच की गई। जांच अधिकारियों ने छत पर रखी पानी की टंकियों में झांक कर देखा। इनके अलावा सचिवालय परिसर में रखे डस्टबीन व अन्य सामानों की भी जांच की।





### पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क

बार प्रधान संदीप तंवर ने बताया कि उनके पास करीब दस बजे माननीय जज साहब की तरफ से मैसेज आया था कि उनके पास कोई मेल के जरिए कोर्ट कम्पलेक्स को बम से उड़ाने की अफवाह आई है। उन्होंने इस बारे में तत्काल डीएसपी हैडक्वार्टर को सूचित किया। सूचना के बाद पुलिस बल, डॉग स्कवायड की टीम, बम निरोधक दस्ता भी पहुंच गया। दस्ते ने बारीकि से जांच की। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने बताया कि इस तरफ की अफवाहें असामाजिक तत्व फैलाते रहते है। वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का कदम उठाते है। पर पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने बताया कि विगत में एसपी सुमित कुमार ने अदालत परिसर में दस 15 सुरक्षा गार्ड तैनात किए हुए है।

### पांच घंटे तक चली जांच, कुछ नहीं मिला:डीएसपी

डीएसपी अनूप कुमार ने बताया कि उनके पास सूचना आई थी कि जज साहब के पास एक मेल में कोर्ट परिसर को बम्ब से उड़ाने की धमकी दी गई है। शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना, सीआईए, डॉग स्कावायड टीम व बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और करीब घंटे तक अभियान चलाया। कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। फिलहाल मामले की जांच जारी है। मेल आने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में अधिकारी ने बताया कि अभी जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही किसी रिजल्ट पर पहुंचा जाएगा।

### यज्ञ हमारी पौराणिक संस्कृति: स्वामी सच्चीदानंद

**लोहारू।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती के नेतृत्व में प्रदेश में निकाली जा रही वेद प्रचार, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण शुद्धी यात्रा का लोहारू आर्य समाज में पहुंचने पर स्वागत किया गया तथा आर्य समाज के पदाधिकारियों और अनुयायियों के साथ शहर में यात्रा निकाली गई।आर्य समाज लोहारू के प्रधान पवन कुमार, डॉ. ब्रह्मदेव, हवा सिंह आर्य, रईश कुमार, अनिल आर्य आदि ने बताया कि वेदों को जन जन तक प्रचार करने, लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने और पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए चलित यज्ञ के साथ यह यात्रा शुरू की गई थी। इस यात्रा का लोहारू में स्वागत किया गया। यह यात्रा फरटिया ताल, फरटिया भीमा ओर सोहांसरा आदि गांवों में पहुंची। स्वामी सच्चीदानंद ने कहा कि यज्ञ हमारी पौराणिक संस्कृति रही है तथा सदियों से ऋषि मुनियों के जमाने से यज्ञ के माध्यम से पर्यावरण का शुद्ध किया जाता था। उन्होंने कहा कि यज्ञ पद्धति को प्रत्येक व्यक्ति अपनाएं तो पर्यावरण को शुद्ध किया जा सकता है। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### महानतम क्रांतिकारियों में से एक थे नेता जी: डॉ मुकेश

**लोहारू।** गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर स्थानीय चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। डॉ मुकेश कुमार चहल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानतम क्रांतिकारियों में से एक थे। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। एनएसएस प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुजीत कुमार ने नेताजी के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद हिंद फौज के माध्यम से उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, जिसे देश सदैव स्मरण रखेगा। राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. राजबाला ने नेताजी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ अजय वशिष्ट, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. राजबाला, डॉ. बजरंग सहित अन्य प्राध्यापकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नेताजी जनता के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे: चंद्रभान

**तोशाम।** आजादी आन्दोलन की गैर समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी योद्धा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 129वीं जयंती की पूर्वसंध्या पर गुरुवार को तोशाम के शहीद पार्क में यादगार सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन रिटायर्ड फौजी संगठन और जन संघर्ष मंच की ओर से किया गया। सभा की अध्यक्षता कैप्टन चंद्रभान ने की। सभा के मुख्य वक्ता एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष रामफल सुहाग थे। अन्य वक्ताओं में दयानंद फौजी, महावीर शर्मा, महेन्द्र सिंह कटारिया, सुखबीर सिंह, मास्टर बस्तीराम व एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान रोहताश सिंह ने भी अपने विचार रखे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि नेताजी जनता के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। वे देश के आम आदमी, खासकर छात्र-नौजवानों के सामने देशप्रेम, कुर्बानी, साहस, बहादुरी और धर्मनिरपेक्षता की बेजोड़ मिसाल है।

शासन और प्रशासन किसानों के साथ : एसडीएम

## बिजली टावर वाली जगह का तय रेट से दोगुना मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने वीरवार को सरपंचो, कंपनी के अधिकारियों, किसानों व जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, बिजली कंपनी के अधिकारियों और किसानों की सयुक्त रूप से सुझाव साझे किए गए। प्रशासन द्वारा सरपंचों, बिजली कंपनी के अधिकारी और किसानों के साथ एक संयुक्त बातचीत हुई कि किसानों की सहमति से मुआवजा देने उपरांत लाइन का काम शुरू किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि सरकार किसानों के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी। यह पावर ग्रिड लाइन सिवानी से सोनीपत तक जाएगी। जिसमें तोशाम उपमंडल के 13 गांव भेरा, मिरान, दरियापुर, छप्पार जोगियान, छप्पार रांगडान, पिंजोखरा, डाडम, बागनवाला, तोशाम, अलखपुरा, सागबन और भूरटाना गांव के खेतों से होकर यह बिजली लाइन गुजरेगी। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि तीन भूमि की कीमत सर्वे एजेंसियां गांव वाइज जमीनों के रेट तय करने के लिए इसमें एक किसानों की तरफ से, एक प्रशासन की तरफ से और एक बिजली कंपनी की तरफ से नियुक्त की गई है। तीनों के रेट बंद लिफाफे में लिए जाएंगे। जमीनों के रेट के बंद लिफाफों को किसानों के साथ बैठक में ड्रा के जरिए खोलकर गांव वाइज रेट तय किए जाएंगे। बंद लिफाफा में आए के दो लिफाफों के रेटो के बीच का रेट की धनराशि का रेट किसानों की सहमति से तय किया जाएगा।

### किसानों की सहमति पर लगेंगे टावर

एसडीएम ने कहा कि किसानों की सहमति से ही बिजली के टावर उनके खेतों में लगेंगे। जहां टावर लगेगा जमीन का तय रेट से दोगुना रेट किसानों को मिलेगा और जहां तार जाएंगे वहां पर 46 मीटर तक तय रेट से 30 प्रतिशत राशि का मुआवजा किसानों को दिया जाएगा। इसके अलावा तीन फसलों का एमएसपी मुआवजा और खेतों में बने ट्यूबेल, मकान तथा पेड़ो आदि की कीमत भी अलग से दिलवाई जाएगी।

## राजेश ने बहल में बस अड्डे का निर्माण करवाने और पवन ने खंभों पर लगे मीटरों के बॉक्स लगवाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

*प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रात:10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों में सुनी जाती हैं नागरिकों की समस्याएं*

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के साथ निपटाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रात:10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती हैं। नागरिक समाधान शिविरों में अपनी समस्या रख सकते हैं। एडीसी के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने ग्राम पंचायत के पानी के टैंकरों का रंग एक जैसा करवाने बारे, सुनील वर्मा नम्बरदार ने सामुदायिक स्थल पर शौचालय बनवाने व सफाई करवाने, राकेश ने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ से टूलकिट दिलवाने, राजेश अग्रवाल ने बहल में बस अड्डा का निर्माण करवाने, सांगा निवासी सुरेश ने घर के सामने बना नाला दुरूस्त करवाने, गुरमील सिहं ने बीपीएल कार्ड में नोमनी बनवाने, पवन ने बिजली के खम्भों पर लगे मीटर का बॉक्स लगवाने, विनोद ने भूमि की तकसीम करवाने की शिकायत रखी। इसी प्रकार से एडीसी के समक्ष जमनादास ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना लाभ दिलवाने, नोदत्ता ने दिव्यांग पेशन बनवाने, विद्यानगर निवासियों ने टूटी हुई पाइप लाइन दुरूस्त करवाने, देवेन्द्र ने सडक़ों व पार्कों की सफाई करवाने, नगर पार्षद सुभाष तंवर ने गाडिया लोहार जाति को एसआईआर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने, कृष्णा ने भैंस चोरी होने पर पुलिस कार्यवाही करवाने तथा कर्मवीर, शांति, सुनीता, जानकी देवी, सुरेश, धर्मपाल, लोकेश, अजय, सुशीला, रेशमा, कमल सिंह, दीपक, सतबीर, शीशपाल, कृष्णा, मंदीप व धनपति ने पीपीपी से संबंधित समस्या रखी। एडीसी ने सभी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान, नप ईओ राजा राम सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के अलावा गैर सरकारी सदस्य नंदराम धानिया, रामकिशन हालुवासिया, सुनील वर्मा नंबरदार, केके ग्रोवर, अनिल सोलंकी व अजीत शेखावत मौजूद रहे।

### बच्चों का संरक्षण समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी

- बाल संरक्षण कानूनों पर एडीआर सेंटर में की कार्यशाला आयोजित

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-सह-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में बाल संरक्षण कानूनों को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पोक्सो), 2012, नालसा–आशा (अवेयरनेस, सपोर्ट, हेल्प एंड एक्शन) बाल विवाह उन्मूलन योजना, 2025, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा इससे संबंधित मॉडल नियम, 2016 पर विस्तृत कानूनी जानकारी दी गई।

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि बच्चों का संरक्षण केवल प्रशासन या न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### छेड़छाड़ के दोषी को 05 साल का कारावास और जुर्माना लगाया



**भिवानी।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) सुरुचि अटरेजा सिंह की न्यायालय द्वारा घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी को कठोर दंड से दंडित किया गया है। न्यायाधीश ने आरोपी को पांच साल की कैद की सजा व 30 हजार रुपये का जुर्माना किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता के पिता द्वारा थाना सदर पुलिस भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी द्वारा उनके घर में घुसकर उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई थी जो इस शिकायत पर पुलिस ने अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। ट्रायल के दौरान पुलिस द्वारा प्रभावी जांच, साक्ष्य एवं दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया।

## नगर पालिका बवानीखेड़ा में प्रधान व सचिव की अध्यक्षता में हाउस की बैठक का आयोजन

# नगरपालिका ने कस्बे के लोगों को लाखों की दी सौगात

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा पिछले काफी समय से विकास की बाट जोह रहा है। चेयरमैन बने तो कहीं न कहीं उठापठक के कारण वह विकास कार्य नहीं हो पाए जिसकी लोगों ने उम्मीद की थी। लेकिन इस बार पार्टी द्वारा मनोनित चेहरे सुंदर अत्री को मैदान में उतारकर और जनता ने उन पर विश्वास कर उन्हें नपा चेयरमैन के पद पर बिठाने का कार्य किया। वहीं नपा चेयरमैन की अध्यक्षता में पार्षदों की बैठक आयोजित हुई।



बवानीखेड़ा। कस्बे के विकास को लेकर पार्षदों से सुझाव लेते चेयरमैन सुंदर अत्री।

### इन मुददों पर हुई चर्चा

नपा कार्यालय में हुई हाउस मीटिंग में हांसी चुंगी से लेकर नागरिक अस्पताल तक मार्केट के दोनो तरफ लाखों की लागत से नाले बनाने, रेहड़ीधारकों, सब्जी/फल विक्रेताओं के लिए तीन लाख रुपये की लागत से रोड़ी बिछाकर इंटरलोक बिछाने, तीन प्रवेश द्वारा बनाने, शहीद गुलाब सिंह पार्क में दिव्यांगजन के लिए 13 लाख रुपये की लागत से बैठने, एक्सरसाइज करने सहित अन्य उपकरण उपलब्ध होंगे। पार्क के आगे रेहड़ियों को पुराने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के सामने शिफ्ट करने की योजना बताई जा रही है ताकि शहीद गुलाब सिंह पार्क का सौदर्यकरण बरकरार रखा जा सके। नगर पालिका में चेयरमैन सुंदर अत्री ने स्पष्ट किया कि बिना किसी भेदभाव के कार्य करवाया जाएगा। विधायक कपूर वाल्मीकि स्वयं विकास करवाने में उनके साथ है और सभी पार्षद भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में नगर पालिका सचिव संदीप गर्ग, म्यूनिसिपल इंजीनियर पंकज गर्ग, अकाउंटेंट शिवपाल, एसई कपूर सिंह, पार्षद अशोक कुमार, पार्षद कविता, पार्षद रिंकू, पार्षद बलराम गुज्जर, पार्षद सुभाष चंद्र, पार्षद दीपक सैनी, पार्षद प्रतिनिधि प्रो सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, मास्टर सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, नवीन गक्खड़, पवन कुमार, बिंटू सैनी, सन्नी, जयभगवान नाहड़िया, सुंदर रबारी, मनीष शंकर एवं अन्य कार्यालय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### खाली पड़ी जमीन की होगी तार बंदी

हुड्डा पार्कों का व स्मार्ट बाजार, स्मार्ट रोड का बनेगा एस्टीमेट नगर पालिका में चेयरमैन सुंदर अत्री की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि हुड्डा पार्कों का एस्टीमेंट बनाया जाएगा जिसके लिए जेई को आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं बलियाली मोड से वार्ड 14, 15, 16, पपोसा फाटक तक स्मार्ट बाजार, स्मार्ट रोड बनाए जाएंगी जिसमें मार्ग के दोनों तरफ फुटपाथ, लाइटों की सुविधा होगी और शहर दुधिया रोशनी से नहाने का काम करेगा। नगर पालिका की खाली पड़ी जमीन की निशानदेही एवं तार बंदी, बीस साल से काबिज कस्बा वासियों को सरकार के नियमानुसार मालिकाना हक दिलवाने के लिए प्रक्रिया तैयार करवाने हेतु, सामान्य हस्पताल से हांसी चुंगी तक का सौंदर्यीकरण पर चर्चा की गई। जिसके विकास को लेकर जल्द अमलीजामा पहनाया जाएगा।

### एआई एक्सपर्ट नागपाल होंगे स्टैंड विद नेचर के टेक्निकल हेड: डॉ. लोकेश

**भिवानी।** स्टैंड विद नेचर को तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई मजबूती मिलने जा रही है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए कर चुके लंदन में रह रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के एआई एक्सपर्ट एवं भिवानी मूल के अक्षय को स्टैंड विद नेचर का टेक्निकल हैड नियुक्त किया जाएगा। संगठन के कार्यालय में विशेष बैठक हुई, जिसमें संस्था के अध्यक्ष डॉ. लोकेश भिवानी ने अक्षय नागपाल का अभिनंदन किया।

स्टैंड विद नेचर के संस्थापक डॉ. लोकेश भिवानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज केवल भावनात्मक आंदोलन नहीं, बल्कि डेटा, तकनीक और वैज्ञानिक सोच से जुड़ा विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके पर्यावरणीय अभियानों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणाम-उन्मुख बनाएंगे। एआई की मदद से हम जल संकट, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता जैसे मुद्दों पर रियल-टाइम डेटा एनालिसिस, भविष्य की चेतावनी प्रणाली और नीति-निर्माण के लिए ठोस इनपुट तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अक्षय नागपाल के जुड़ने से स्टैंड विद नेचर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी मजबूती मिलेगी।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मानः** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्हः** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वजः** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों




की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिताः** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल


घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब :** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक :** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य :** 395 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।

2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू


**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शब्द सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर




प्रमाण, बालोद

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप



## सीईओ ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार की ओर से आमजन मानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से सप्ताह में दो दिन समाधान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सीईओ डॉ. वीरेन्द्र अहलावत ने समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनीं। शिविर में डॉ. वीरेन्द्र अहलावत ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिलास्तर पर हल होने वाली समस्याओं को तुरंत हल करने के निर्देश दिए। वहीं पहले सप्ताह की पेंडिंग शिकायतों की एटीआर उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य के लोगों की समस्या को प्राथमिकता देकर उनका निदान करने के लिए प्रयासरत है। यही कारण है कि सरकार ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए समाधान शिविर लगाने का फैसला किया, जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर किया मंथन

# समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करवाएं

**खास बातें**

- समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाए
- हर वर्ष की तरह जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह नई अनाजमंडी में होगा
- समारोह में सांसद धर्मवीर सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे



भिवानी। अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते सीईओ डॉ. विरेंद्र सिंह अहलावत। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला परिषद के सीईओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह अहलावत ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर लघु सचिवालय सभागार में आयोजित संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, जिसे 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुचारू एवं सफलतापूर्वक किया जा सके। हर वर्ष की तरह जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह नई अनाजमंडी में होगा।

समारोह में सांसद धर्मवीर सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। इसके साथ उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार किए जाएं तथा सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### 24 जनवरी को नई अनाजमंडी में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी

उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह में शामिल होने वाली सभी विभागों की झांकियां उत्कृष्ट, आकर्षक एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचनी चाहिए। बैठक में उन्होंने नगर परिषद द्वारा कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, पुलिस विभाग द्वारा पार्किंग, यातायात एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को नई अनाजमंडी में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी, जिसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित की जाएं।

## उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश प्रक्रिया शुरू




महेंद्रगढ़। उदय कॉलेज का भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नारनौल–दादरी रोड स्टेट हाईवे स्थित पाली में उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश सूचना 2025–26 ने सत्र के लिए बीएससी नर्सिंग और जीएनएम कोर्सेज में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

नर्सिंग शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए पहचाना जाने वाला यह संस्थान छात्रों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। इच्छुक छात्र कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे कॉलेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सीटें सीमित हैं, इसलिए जल्द आवेदन करें। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. अर्चना ठाकुर ने बताया कि कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के छात्र की आयु 17 से 35 र्ग्स चार साल वर्षीय योग्यता 12वीं कथा सांइस से 50 प्रतिशत पास अनिवार्य है, जीएनएम में का कोर्स तीन वर्षीय आयु 17 से 35, योग्यता 12वीं पास व अंकतालिका 40 प्रतिशत हो अनिवार्य हैं। प्रवेश की लेने की अंतिम तिथि 23 जनवरी की हैं।

**न्यूज डायरी**



### कांग्रेस शहरी सचिव इंग्लेश लता का किया अभिनंदन

**भिवानी।** वीरवार को भारत नगर में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी की नवनियुक्त सचिव इंग्लेश लता का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर इंग्लेश लता ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी। इग्लेशलता ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सीएलपी लीडर एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की नीतियों व विचारधारा से अवगत करवाकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करेंगी। इस अवसर पर रीमा, मंजु, सुमन, सजनी, माया, रोशनी, मीना, गुड्डी, कमलेश, सुमन व इंदु आदि उपस्थित रही।



### पर्यावरण प्रेमी श्रीपाल ने 58वें जन्मदिन पर लगाए पौधे

**भिवानी।** समाज में जन्मदिन मनाने के पारंपरिक तरीकों से हटकर पर्यावरण प्रेमी श्रीपाल यादव ने अपने 58वें जन्मदिन को प्रकृति सेवा के नाम समर्पित किया। उन्होंने वीरवार को शहीद चंद्रशेखर चौक पर 11 फलदार एवं छायादार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम त्रिवेणी बाबा की प्रेरणा से पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा के नेतृत्व में हुआ। लोकराम नेहरा ने श्रीपाल यादव के प्रयासों की सराहना की। यादव ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति अपने जीवन के विशेष दिनों पर एक पौधा लगाने का संकल्प लें, तो हम ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं से लड़ सकते हैं। इस अवसर पर एसबीआई शाखा प्रबंधक आमिर हुसैन, रिटायर मैनेजर प्रेमप्रकाश मेहता, शंकर नर्सरी संचालक चंद्रमोहन, खुशबू, सिमरन, अमृता, प्रवीण व ज्योति आदि मौजूद रहे।

## हनुमान जोहड़ी मंदिर में सुनाया भगवान श्रीराम वनवास का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जोहड़ीवाला हनुमान मंदिर में माघ मेला महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं। मंदिर के महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित महोत्सव ने पूरे क्षेत्र को श्रीराममय कर दिया है। मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर के प्रति अटूट आस्था को बयां करती है।

महोत्सव के दौरान आयोजित विशेष सत्संग में कथाव्यास पंडित विजय भारद्वाज ने भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग की व्याख्या की। उन्होंने बड़े ही मार्मिक ढंग से बताया कि कैसे महाराजा दशरथ के वचनों को निभाने के लिए पिता की आज्ञा मान भगवान श्रीराम ने राजसी सुखों का त्याग कर सहर्ष वन गमन स्वीकार किया।



भिवानी। कथा के दौरान भगवान श्रीराम परिवार का पूजन करते श्रद्धालु।

**श्रीराम का वनवास मर्यादा की पराकाष्ठा का उदाहरण**

कथाव्यास पंडित विजय ने कहा कि भगवान श्रीराम का वनवास केवल राजकुमार का घर छोड़ना नहीं था, बल्कि धर्म की स्थापना और मर्यादा की पराकाष्ठा का उदाहरण था। उन्होंने पिता के वचन और मातृ-भक्ति को सर्वोपरि रखकर संसार को त्याग का संदेश दिया। महंत चरणदास ने कहा कि माघ मास में सत्संग और सेवा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस मेले का उद्देश्य लोगों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और संयम से रहने की प्रेरणा देती है। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर भगवान श्रीराम और संकटमोचन हनुमान के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और कथा का रसपान किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में नरेश शर्मा व नीलम तथा दिनेश दाधीच व निहारिका पहुंचे।

### विश्वकर्मा चौक की पेयजल लाइन को किया ठीक

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के संज्ञान पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शहर में महम गेट पर पेयजल लाइन की वाल्व की हौदी बनाकर उस पर स्लैब लगा दिया है वहीं दूसरी ओर लोहारू रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर चौक के पास लंबे समय से बनी आ रही पेयजल लाइन लीकेज को ठीक करवाया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इन कार्यों के दुरूस्त करने पर क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन का आभार जताया है। डीसी साहिल गुप्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान करें। इसी बीच शहर में महम गेट पर पेयजल लाइन की वाल्व की हौदी पर स्लैब ना होने और लोहारू रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर चौक के पास पेयजल लाइन लीकेज का मामला डीसी के संज्ञान में आया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी।

## अस्पतालों में विशेषज्ञों के रिक्त पदों को भरा जाए : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी सक्रिय नजर आ रहे हैं।

इसी कड़ी में गांव गुज्जरवास में आयोजित एक सामाजिक समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि पहुंची स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य केंद्र बिंदु भिवानी और तोशाम क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। मुलाकात के दौरान मोहित चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री को क्षेत्र की भौगोलिक और जनसंख्या संबंधी स्थितियों से अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि भिवानी और तोशाम के नागरिक अस्पतालों में विशेषज्ञों के रिक्त पदों को भी प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए।

### वोट कटने की आशंका को लेकर समाधान शिविर में पहुंचा गाड़िया लोहार समुदाय

**भिवानी।** नगरपरिषद के पार्षद सुभाष तंवर व पार्षद संदीप यादव की अगुवाई में उत्तमनगर इलाके में झुग्गी झौपडियों में रह रहे गाड़िया लोहार समुदाय की कुछ महिलाएं प्रशासन के समाधान शिविर में पहुंची और एसआईआर चल रहा है हरियाणा में चल रही स्पेशल इनटेंसिव रिपोर्ट (एसआईआर) के जरिए मतदाता सूची 2002 में जिन मतदाताओं के नाम नहीं है। उनके वोट काट दिए जाएंगे और लोगों भय है कि इससे उनकी बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है वह बंद हो जाएगा। क्योंकि गडरिया जाति के लोग घुमंतु जाति में आते है। वे समय समय पर अपना स्थान बदलते रहते है। इनके अधिकांश लोगों के वर्ष 2005 के बाद वोट बने है। इसी बात को लेकर गडरिया लोहार जाति के लोग नगरपार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव के नेतृत्व में समाधान शिविर में पहुंचे।



भिवानी। समाधान शिविर में जाते हुए गाड़िया लोहार समुदाय की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर बांटी मिठाई

**भिवानी।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर वीरवार को नगर व्यापार मंडल ने हालु बाजार चौक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने चौक को पूरी तरह से गुब्बारों से सजाया तथा सामूहिक रूप से गुलाब जामुन का प्रसाद वितरित कर अपनी खुशी सांझा की। कार्यक्रम में व्यापारियों और राहगीरों का भारी उत्साह देखने को मिला। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हर भारतीय और विशेषकर व्यापारियों के लिए गर्व और उल्लास का दिन है। दो वर्ष पूर्व आज ही के दिन सदियों का इंतजार खत्म हुआ था और प्रभु राम अपने भव्य महल में विराजे थे। इस गौरवशाली क्षण की याद में आज मिठास बांट रहा है। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे शहर के व्यापार में बरकत हो और समाज में इसी तरह भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि भिवानी को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है तथा अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की देश में सबसे ज्यादा खुशी भी छोटी काशी के लोगों के बीच देखी गई। प्रसाद वितरण के दौरान हालु बाजार चौक पर राहगीरों की भारी भीड़ उमड़ी। व्यापारियों ने न केवल एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया, बल्कि आने-जाने वाले हर व्यक्ति को सप्रेम प्रसाद ग्रहण करवाया। इस अवसर पर भानुप्रकाश, राजकुमार यादव, प्रेम धमीजा, हंसराज चानना, अतुल रोहिल्ला, रतनलाल गोयल, अंशुल लोहिया, देवेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### आलमपुर में मनाया गया गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम

**तोशाम।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं एसडीएम प्रदीप अहलावत के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव आलमपुर में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तोशाम के गांव आलमपुर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ वैशाली एवं सीडीपीओ किरण के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने गांव आलमपुर की महिलाओं को मौसमी फल, सब्जियां एवं हरी पत्तेदार सब्जियों के सेवन पर विशेष जोर दिया और बताया कि इससे शरीर में खून की कमी नहीं होती तथा मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। सुपरवाईजर मलिक ने गांव आलमपुर में गर्भवती महिलाओं को समय पर मां एवं बच्चे दोनों के टीकाकरण तथा उसके महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं को विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही कन्या भ्रूण हत्या रोकने के प्रति जागरूक करते हुए गर्भवती महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई। गांव गारनपूरा कलां में सर्कल सुपवाजर कुसुम मलिक ने कार्यक्रम के दौरान आज के समय में बढ़ रहे डिजिटल फ्रॉड को लेकर भी महिलाओं को जागरूक किया गया।

### मनरेगा योजना में तब्दीली ने भाजपा सरकार का चेहरा बेनकाब किया: मान

**चरखी दादरी।** भाजपा सरकार गरीब विरोधी है और मनरेगा योजना में तब्दीली ने उसका चेहरा बेनकाब कर दिया है। बीस साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने मजदूरों को काम का कानूनी अधिकार दिया था और अब भाजपा ने इसे खत्म कर ठेकेदारी प्रथा को शुरू कर दिया है, ये बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक राजू मान ने गांव मकड़ानी में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कांग्रेस नेता राजू मान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेता राजू मान ने कहा कि मनरेगा में काम तय न्यूनतम मजदूरी पर दिया जाता था व उसमें हर साल बढ़ोतरी होती थी और साल भर काम उपलब्ध होता था अब इस गारंटी को समाप्त कर दिया है। फसल कटाई में नई योजना के तहत काम नहीं मिलेगा और ना ही न्यूनतम मजदूरी में सालना बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि पहले ग्राम पंचायत अपनी जरूरत के हिसाब से विकास योजना बनाकर काम करवाती थी लेकिन अब यह फैसला भी दिल्ली में बैठी सरकार लेगी जो असहनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अत्याचार को सहन नहीं करेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव रोहताश सोलंकी, संजय बिडलान, रामनिवास पिचोपा, सूबेदार सुरेश, नवीन सैनी, पूर्व सरपंच महाबीर, पूर्व सरपंच राजेंद्र, रमेश शर्मा, शेरसिंह, सोमबीर शर्मा, राजा, हरिप्रकाश, अमरसिंह, रामभगत, रामावतार आदि मौजूद रहे।



### संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

**भिवानी।** बावड़ी गेट स्थित संत रविदास मंदिर में 1 फरवरी को मनाए जाने वाले संत शिरोमणी गुरू रविदास महाराज के 649वें जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां आरंभ की हैं। महिला मंडली द्वारा हररोज प्रभात फेरी निकाली जाती है तथा सत्संग का आयोजन किया जाता है। यह जानकारी देते हुए ठेकेदार ओमप्रकाश संभ्रवाल ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास महाराज के जन्मोत्सव को लेकर महिलाओं में विशेष जोश है तथा वे तैयारियों में अपनी अहम भुमिका निभा रही हैं। इस अवसर कलीराम, संजय, ओमप्रकाश, उर्मिला, संतोष, बिमला, रोशनी, कमलेश, चंद्रा, कलावती, संतोष बेरला, शांति, गुड्डी, कमला, सुनीता, मूर्ति, संजय, भोना, आशीष, शकुंतला, मंजू, पुनीत आदि उपस्थित रहे।



### मेहनत कर खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ें खिलाड़ी: गोयल

**भिवानी।** विधार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका होती है। विधार्थियों को चाहिए कि वो एकाग्रता से कड़ी मेहनत करते हुए खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़े।पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम चमकाने में वैश्य महाविद्यालय के खिलाड़ियों की बड़ी भूमिका रही है यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी में महाविधालय के खिलाड़ियों द्वारा अंतर राज्यीय स्टेट रेसलिंग (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप में रनर अप ट्राफी अपने नाम करने के पश्चात महाविद्यालय लौटने पर उन्हें सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक जीतना बहुत ही सराहनीय कार्य है। महाविद्यालय के खिलाड़ियों की इस सफलता पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता,वैश्य महाविद्यालय प्रबन्धक समिति के प्रधान अजय गुप्ता ,उपप्रधान डॉ.पवन बुवानीवाला,महासचिव भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ, ट्रस्टी विजयकिशन अग्रवाल ने उसे बधाई दी।

### मांगों को लेकर सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी

**बहल।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन के हेड ऑफिस हिसार में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। यह हड़ताल आगामी 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी के तहत की गई। इस दौरान सब-अर्बन यूनिट के प्रधान सुरेश हटारिया, सचिव विकास शर्मा, कैशियर सोमबीर देवराला,कार्यकारिणी सदस्य विजय जांगड़ा, सब यूनिट सिवानी के प्रधान सोमबीर बाबल, कैशियर सतीश पूनिया, सब यूनिट बहल के प्रधान पंकज शर्मा, सब यूनिट ढिगावा के प्रधान राकेश, सब यूनिट जुई के प्रधान व कैशियर राजकुमार, सब यूनिट लोहारू के प्रधान सज्जन कुमार व सुखबीर सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे। सर्कल सचिव अशोक कुमार गोयत एवं राज्य ऑडिटर धर्मबीर भाट्टी ने सभी पदाधिकारियों को फूलों की माला पहनाकर सांकेतिक हड़ताल पर बैठाया। प्रमुख मांगों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी वापस लेना,कोर्ट आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना एक्सग्रेसिया स्कीम में संशोधन जोखिम भरे कार्य करने वाले कर्मचारियों को 7000 प्रतिमाह रिस्क अलाउंस,बिजली कर्मचारियों को प्रति बिल 1000 यूनिट फ्री बिजली शामिल हैं।

**समापन** स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर भारत के युवा दुनिया में बढ़ रहे आगे : भारद्वाज

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करें, उसका गुलाम नहीं बनें: अक्षय

स्वामी विवेकानंद ने विदेश में भारतीय संस्कृति की पहचान करवाई

- बॉलीवुड में भी तेजी से हो रहा है एआई का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति एवं माय युवा भारत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस के साथ हुआ।

समापन समारोह में इंग्लैंड से आए अंतरराष्ट्रीय स्तर के एआई स्पेशलिस्ट अक्षय कुमार नागपाल को मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की तथा अध्यक्षता सावित्री यादव ने की। एआई स्पेशलिस्ट नागपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को एआई के लाभ, चुनौतियों और जिम्मेदार उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



भिवानी। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में जागरूक करते अक्षय नागपाल। फोटो : हरिभूमि


**युवा एआई जैसी तकनीक से जुड़ें**

नागपाल ने कहा कि आने वाले समय में युवाओं को एआई जैसी नई तकनीकी से जुड़ना बहुत जरूरी हैं, तभी हम दुनिया को समझ पाएंगे। कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि अक्षय भिवानी की मिट्टी से जुड़े युवा हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री प्राप्त की और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फोकस्ड टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल के रूप में कार्य कर रहे हैं। अक्षय का इंजीनियरिंग, डेटा व एप्लाइड एआई में मजबूत आधार है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने विदेश में भारतीय संस्कृति की पहचान करवाई, उसी प्रकार भारत के युवा उनकी प्रेरणाओं को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। वर्तमान में इंग्लैंड के लंदन में निवास कर रहे अक्षय नागपाल अपनी स्वयं की एआई कंसल्टिंग प्रैक्टिस चला रहे हैं, जो स्टार्टअप्स, स्केल-एप्स और स्थापित संगठनों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को व्यावहारिक, रणनीतिक और जिम्मेदारी के साथ अपनाने की सलाह देती है। नागपाल ने बताया कि आजकल एआई का उपयोग फिल्म और मनोरंजन जगत, विशेषकर बॉलीवुड में भी तेजी से हो रहा है।

### जल संचय के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य करें: उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जल जीवन मिशन और जल संचयन एवं जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल संचय के लिए आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। पानी की एक-एक बूंद बचाना जरूरी है। उन्होंने विभागों को दिए गए टारगेट को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने सिंचाई विभाग, पंचायत विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज व कृषि विभाग आदि प्रमुख विभागों के साथ अभियान की समीक्षा की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टारगेट पूरा करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भ करें।

## खबर संक्षेप



### कॉलेज में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर भजन

**भिवानी।** बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर आदर्श महिला महाविद्यालय में भक्तिभाव एवं सांस्कृतिक गरिमा से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ज्ञान, कला एवं संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम की मुख्यतिथि महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति सदस्या रंजना बुवानीवाला ने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ये जीवन में ज्ञान, नवचेतना और सकारात्मक ऊर्जा के आगमन का प्रतीक है।

### उत्साह से मनाई गई चौधरी छोटू राम जयंती

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ, माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग में अभिमन्यु सदन की देख-रेख में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वैदिक हवन-यज्ञ, वीर हकीकत राय बलिदान दिवस तथा चौधरी छोटू राम जयंती संयुक्त रूप से श्रद्धा, सम्मान एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन-यज्ञ से हुआ, जिसमें वैदिक पुरोहित दुर्गदेव शास्त्री ने विधिवत अनुष्ठान संपन्न करवाया। यज्ञ में विद्यालय के समस्त अध्यापकवृंद एवं विद्यार्थियों ने आहुतियाँ अर्पित कीं।

### लख्मीचंद महोत्सव में गूंजी विक्रमाजीत की वीरगाथा

**भिवानी।** हरियाणा कला परिषद के सहयोग से बापोड़ा गांव में आयोजित सात दिवसीय पंडित लख्मी चंद जयंती महोत्सव अपनी पूरी रंगत में है। महोत्सव के तीसरे दिन गांव की फिजां सांग विधा की अद्भुत छटा से सराबोर नजर आई। कलाकार रहीश यादव व उनकी टीम ने जब वीर विक्रमाजीत खांडे राव परी सांग का मंचन शुरू किया, तो ग्रामीण अपनी संस्कृति से रूबरू हुए। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने शिरकत की।

### एडीआर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-सह-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है।

### 25 जनवरी को मनाया जाएगा मतदाता दिवस: डॉ. नागपाल

**चरखी दादरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को सुबह 10 बजे जनता विद्या मंदिर गणपत राय रासीवासिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और मतदान के प्रति जागरूक करना है।

### जरूरतमंद लोगों को वितरित किए कंबल

**भिवानी।** डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा बुधवार रात को शहर में विभिन्न स्थानों पर जाकर बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस पर कंबल प्राप्त कर रहे लोगों ने डीसी श्री गुप्ता के साथ-साथ रेडक्रॉस कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के समीप धर्मशाला में जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरे भी बनाए गए हैं।

### लाइन टूटने पर एक सप्ताह से पानी सप्लाई ठप, क्षेत्रवासियों ने की नारेबाजी

# विद्या नगर में बिजली निगम ने गाड़े खंबे, पेयजल लाइन टूटी, बनी समस्या

- विद्यानगर निवासियों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में विद्या नगर क्षेत्रवासियों ने एक सप्ताह से पीने के पानी की आपूर्ति नहीं होने से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध वीरवार को 54 फुटा रोड पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता शशी बाला परमार व हसला के पूर्व प्रधान दिलबाग सिंह ग्रेवाल ने कहा कि एक सप्ताह पहले विद्युत निगम के कर्मचारियों ने 54 फुटा रोड पर वन विभाग के दफ्तरों के सामने बिजली के खंबे खड़े किए थे और इस दौरान पेयजल लाइन टूट गई और पानी सप्लाई तभी से बंद पड़ी हैं।उन्होंनेजनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से पता नहीं किया कि पेयजल लाइन को खंबे खड़े करते समय तोड़ा हैं, जिससे लाइन का सारा पानी रोड पर जमा हो रहा और सीवरेज लाइन में जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने एक सप्ताह से पीने के पानी के लिए त्राही त्राही के चलते विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जब वे जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को टूटी लाईन जोड़ने की कहते हैं तो वे विद्युत निगम का नाम ले देते हैं कि वे लाइन को जुड़वाएंगे, क्योंकि पाईप लाईन उन्होंने तोड़ी है और विद्युत निगम के अधिकारी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की लाइन जोड़ने की जिम्मेदारी बता रहे है। प्रदर्शनकारियों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आगाह किया कि पाईप लाईन को शीघ्र जोड़ने का काम करें, अन्यथा नागरिक उनके कार्यालय के सामने धरना देने पर मजबूर होंगे।



**भिवानी।** पेयजल लाइन टूटने से बनी समस्या को लेकर नारेबाजी करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य व क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

#### समाधान को लेकर डीसी से गुहार

उन्होंने कहा कि लाइन जोड़ने की जिम्मेदारी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की हैं और विभाग विद्युत निगम पर हर्जाना डालकर नुकसान की भरपाई करें। इसके बाद जनसंघर्ष समिति ने कॉलोनीवासियों की समस्या को लेकर डीसी समाधान शिविर में भी शिकायत लगाई। इस अवसर पर प्रदर्शन में विजय राठी, शान्ति, चावली, शशीबाला परमार, सुखबीर सांगवान, फतेहसिंह थानेदार, रामफल देशवाल, सन्तोष देशवाल, करतार ग्रेवाल, प्रताप सिंह सिंहमार, महाबीर फौजी, नरेंद्र बजाड़, प्रीतसिंह धनाना, रेनू सांगवान, सुशीला, अनूप बडेसरा, सुरेन्द्र दलाल, प्रतीक, सुरेश शर्मा, अरुण जिंदल, महिला नेत्री सुनील सिवाच आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन करते बामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य।

### बामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा ने जिला मुख्यालय पर निकाला विरोध प्रदर्शन, नागपुर कूच की चेतावनी

- प्रशासन ने राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद कर मौलिक अधिकारों का किया हनन : रमेश

**भिवानी।** संवैधानिक अधिकारों के दमन और लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन के खिलाफ बामसेफ और भारत मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। आंदोलन के तीसरे चरण में वीरवार को भिवानी सहित देशभर के 725 जिला मुख्यालयों पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी शक्ति प्रदर्शन किया। हाथों में इतिहास के प्रतीक झंडे और सरकार विरोधी तख्तियां लिए अनेक कार्यकर्ताओं ने भिवानी शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला सचिवालय तक मार्च किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया, बीवीएफ प्रदेश प्रभारी अनिल नाथुवास व इंडियन मैडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने कहा कि ओडिशा के कटक (बालियात्रा लोअर ग्राउंड) में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को अंतिम समय पर रद करना गहरा राजनीतिक षड्यंत्र था। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा के दबाव में प्रशासन ने जानबूझकर ये कदम उठाया, ताकि ओबीसी जाति आधारित जनगणना और मूलनिवासी समाज की एकजुटता के मुद्दे को दबाया जा सके। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को बोलने, सभा करने और संगठन बनाने की आजादी देता है। प्रशासन ने अनुमति रद कर न केवल मौलिक अधिकारों का हनन किया, बल्कि बाबा साहेब द्वारा दिए संविधान की आत्मा पर भी हमला है।


**भिवानी।** कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## गणतंत्र समारोह के लिए विद्यार्थियों ने भीम स्टेडियम में किया अभ्यास

- गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल 24 को, डीसी साहिल गुप्ता फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

26 जनवरी को भीम स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर विभिन्न स्कूली बच्चों और परेड की टुकडियों ने वीरवार को भीम स्टेडियम में अभ्यास किया। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार ने कार्यक्रम को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भीम स्टेडियम आयोजित किया जाएगा। समारोह में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि होंगे। डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इसी कड़ी में वीरवार को विभिन्न स्कूली बच्चों ने डम्बल, लेजियम व पीटी शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ परेड की टुकडि़यों ने भी अभ्यास किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जमकर अभ्यास किया। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार ने जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्कूलों का ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चयन होगा। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिर्हसल होगी, जिसमें डीसी साहिल गुप्ता प्रातः दस बजे तिरंगा फहराएंगे। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया और विभिन्न स्कूलों के बच्चे व प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

#### विकासपरक झांकियों का होगा प्रदर्शन

गणतंत्र दिवस समारोह में जिले के सभी सरकारी विभाग स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम, जिला उद्योग केन्द्र/बी.टी.एम.,भिवानी (संयुक्त रूप से), जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सघन पशुधन विकास परियोजना विभाग, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण/यातायात पुलिस, डीआरडीए आदि विभागों द्वारा विकास परक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा

## सेंट जेवियर्स में मनाया बसंत पंचमी पर्व

- कार्यक्रम में विधि-विधान से की मां सरस्वती की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन विद्या, बुद्धि और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। विद्यालय में स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्यअतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया तथा विधि-विधान के अनुसार श्लोको का उच्चारण कर विशेष पूजा अर्चना की। छात्रों के द्वारा स्पेशल असेंबली की गई जिसमें मंच संचालिका आरूशी व प्रतीक्षा रही। असेंबली में मां सरस्वती के विषय में छात्रा आरूही ने बताया कि बंसत पंचमी ऋतु आगमन का संदेश देती है। प्रकृति में हरियाली खिलते हुए सरसों के फूल और सुहावना मौसम इसकी पहचान होती है। लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं और पीले रंग का व्यंजन खाते हैं। छात्रा द्विशी, अन्नया, हर्षिका व महक द्वारा भी अनेक प्रकार के सामाजिक ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए, मां सरस्वती के विषय में बताया गया।



**भिवानी।** सेंट जेवियर्स स्कूल में कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी संभालेंगे समरोह की जिम्मेदारी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि जिला स्तरीय 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह में सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 8 बजे तक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए पुलिस और विद्यार्थियों की टुकड़ियों द्वारा पीटी, परेड, संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित लोगों, युवाओं, बच्चों एंव बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी त्योहार व संस्कृति के महत्व की जानकारी

## आरपीएस स्कूल में हर्षोल्लास व पारंपरिक वातावरण में मनाया बसंत पंचमी का त्योहार

- यह पर्व ज्ञान, कला और विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आरपीएस स्कूल परिसर में बसंत पंचमी पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, उल्लास और पारंपरिक वातावरण के साथ मनाया। विद्यालय का वातावरण पीले रंग की छटा से सराबोर दिखाई दिया। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे विद्यालय में सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय त्योहारों की परंपरा, संस्कृति और उनके महत्व से अवगत करवाना था। शिक्षकों ने बच्चों को बसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पर्व ज्ञान, कला और विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। विद्यालय निदेशक सुधीर जांगड़ा ने कहा कि भारतीय त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। ये त्योहार हमें आपसी भाईचारे, अनुशासन, नैतिक मूल्यों सीख देते हैं।


**चरखी दादरी।** बसंत पंचमी समारोह में स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों ने कविता, गीत व नृत्य की दी प्रस्तुतियां



**चरखी दादरी।** कस्बा बौंदकलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक प्रताप सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने ज्ञान, संगीत और कला की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए बच्चों ने ज्ञान और शिक्षा का वरदान मांगा। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने कविताओं, गीतों, गानों, नृत्य की बहुत शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ गाए गए मां सरस्वती के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बसंत पंचमी के अवसर पर हर जगह छा जाती है हरियाली

## आत्मज्ञान के लिए की मां सरस्वती की पूजा, मेगा माइंड स्कूल में मनायी बसंत पंचमी

- मां सरस्वती की पूजा करने से होती है ज्ञान की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डोभी तालाब स्थित मेगा माइंड किड्स स्कूल में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर ज्ञान एवं कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि प्राचार्या मंजू शर्मा, विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य कृष्ण सैणी, विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों ने मिलकर मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन व पूजा विधिविधान से की।

प्राचार्या मंजू शर्मा ने कहा कि हम ज्ञान, रचनात्मकता, आत्मज्ञान के लिए मां सरस्वती की पूजा करते हैं। बसंत पंचमी बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस समय प्रकृति अपना मनमोहक रूप धारण कर लेती है, हर जगह हरीयाली छा जाती है। इस अवसर पर उपप्रचार्या पुजा, सीमा, सीमा यादव, सीमा सुनेजा, कविता, मीनू, पिंकी व रजनी आदि उपस्थित रहे।


**भिवानी।** मां सरस्वती का पूजन करते विद्यालय प्रबंधक समिति सदस्य कृष्ण सैनी, प्राचार्या मंजू शर्मा, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बुनियाद लेवल-1 परीक्षा में सरसा घोघड़ा स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**भिवानी।** गांव सरसा घोघड़ा स्थित वीर शहीद महिपाल राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शिक्षा क्षेत्र में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित बुनियाद लेवल-1 के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थी परी, निखिल व सिद्धांत ने सफलता हासिल कर स्कूल व पूरे गांव का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि बुनियाद लेवल-1 की यह परीक्षा 26 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी। प्रदेशभर के हजारों विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, इस परीक्षा का परिणाम 20 जनवरी को घोषित किया। वीरवार को परी, निखिल व सिद्धांत विद्यालय पहुंचे, तो वहां का माहौल उत्सव जैसा था। मुख्याध्यापिका टुटेजा के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ ने तीनों विजेता विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया।

मार्केट न्यूज

### एमके हॉस्पिटल, भिवानी में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण का आयोजन



**भिवानी।** गुरुवार, 22 जनवरी 2026 को एमके हॉस्पिटल, भिवानी में फायर सेफ्टी को लेकर एक मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में आपातकालीन प्रबंधन, स्वयं की सुरक्षा तथा मरीजों एवं अन्य लोगों की जान बचाने के तरीकों की व्यावहारिक जानकारी देना रहा। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल के समस्त स्टाफ को यह प्रशिक्षण दिया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराए बिना किस प्रकार सुरक्षित तरीके से स्थिति को नियंत्रित किया जाए, फायर सेफ्टी उपकरणों का सही उपयोग कैसे किया जाए तथा आपातकाल के समय मरीजों को सुरक्षित बाहर कैसे निकाला जाए। इस अवसर पर भिवानी फायर स्टेशन से अजय कुमार (LFM), हरीश कुमार (FO) एवं प्रशांत यादव (FO) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मॉक ड्रिल के माध्यम से स्टाफ को फायर सेफ्टी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं वास्तविक परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का अभ्यास करवाया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा एमके हॉस्पिटल की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार की मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### कार्यक्रम | एनसीसी से छात्रों को नैतिक मूल्यों व टीम भावना की सीख मिलती: कर्नल

## एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर रितेश रंजन ने डीएवी पब्लिक स्कूल का किया निरीक्षण

- विद्यालय एनसीसी चीफ राजेश कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर कर्नल का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कोंट रोड स्थित डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में 22 जनवरी को 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन का आगमन हुआ। स्कूल परिसर में पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स ने उनका भव्य स्वागत किया। विद्यालय एनसीसी चीफ ऑफिसर राजेश कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर कर्नल रितेश रंजन का स्वागत किया। विद्यालय एनसीसी चीफ ऑफिसर राजेश कुमार ने बताया कि कमांडिंग ऑफिसर के दौरे का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय कैडेट्स कोर (एनसीसी) के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें देश की सेवा में उनकी भूमिका का महत्व समझाना था। उन्होंने छात्रों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और एक योग्य नागरिक के रूप में विकसित होने के महत्व के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम में कमांडिंग ऑफिसर ने छात्रों के साथ संवाद किया और उनके सवालों का उत्तर दिया। उन्होंने छात्रों को एनसीसी में शामिल होने के लाभ और उनके कैरियर में कैसे मददगार साबित हो सकते हैं।प्रिंसिपल जगदीप कौर ने स्कूल के एनसीसी कैडेट्स को सैन्य जीवन की महत्वपूर्णता के बारे में प्रेरित किया।


**भिवानी।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में एनसीसी टुकड़ी का निरीक्षण करते एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन।

#### एनसीसी से जुड़कर देशसेवा में करें योगदान

उन्होंने छात्रों से यह भी कहा कि वे एनसीसी में भाग लेकर देश की सेवा में योगदान करें। स्कूल के एनसीसी कार्यक्रम के तहत छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ-साथ सैन्य शैली का भी प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे सशक्त और सफल नागरिक के रूप में समर्पित हो सकें। प्राचार्या जगदीप कौर व चीफ ऑफिसर राजेश कुमार के उत्कृष्ट कार्यों की 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर रितेश रंजन ने सराहना की। प्राचार्या जगदीप कौर ने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन को स्मृति के रूप में पौधा भेंट किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में सूबेदार उमेश, नायब सूबेदार लोकश कुमार, हवलदार अमित कुमार व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।